03 सरस मेले में रेजांगला की शौर्य गाथा का किया मंचन

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04 जेसी बोस विश्वविद्यालय के मीडिया स्टूडेंट्स ने शुरू किया साप्ताहिक न्यूज बुलेटिन

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 20 अप्रैल, 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी, मूल्य 2.00 रुपए

विद्यार्थियों को बिजनेस के टिप्स दिए

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मंगलवार को प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में कैंपस प्रन्योर कार्यक्रम का सीधे प्रसारण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. विवेक बिंद्रा रहे, जो कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के नंबर-1 मोटिवेशनल वक्ता है, जिसके अपने नाम 10 अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी कायम किए है। इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय एवं बड़ा बिजनेस डॉट कॉम के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। अपने वक्तव्य में डॉ. बिंद्रा ने व्यवसायी, कैंपस प्रन्योर और बिजनेस से जुड़े अहम पहलू सांझा किए। विद्यार्थियों को व्यवसाय आरंभ करने के सुक्ष्म गुरु से अवगत कराया साथ ही आधुनिक परिवेश को ध्यान से रखते हुए अपने वक्तव्य के माध्यम से युवा पीढ़ी को अनेक कौशल में पारंगत होने का संदेश दिया।

आज की इस प्रेरणात्मक व्याख्यान से अग्रवाल महाविद्यालय की युवा पीढ़ी जहां एक ओर लाभान्वित हुई वहीं दूसरी ओर भविष्य की नई राह और जीवन में कुछ नया सीखने व सिखाने का आत्मविश्वास भी उजागर हुआ। इस आयोजन में महाविद्यालय में 2800 ने पंजीकरण किया तथा 1245 नें सीधा प्रसारण के माध्यम से जुडकर लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की सफलता का संपूर्ण श्रेय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता एवं संयोजक डॉ संजीव गुप्ता को जाता है।